स्थानीय साधारण स्कूलों में नामांकन

कठिनाई से सीखने वाले बच्चों के लिए शिक्षा सेवाएँ

प्राईमरी 1 में दाखिल होने वाले बच्चों के विकास में विभिन्नता हो सकती है जो उनके सीखने और तालमेल बिठाने की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है। ऐसे बच्चों की समय रहते शिनाख्त करने और उनकी मदद करने के लिए सरकारी, सहायता प्राप्त और प्रत्यक्ष सब्सिडी योजना स्कूलों में प्राइमरी वन में कठिनाई से सीखने वाले छात्रों की समय रहते शिनाख्त एवं हस्तक्षेप का कार्यक्रम का आयोजन हैं।

जिन छात्रों को सीखने में कठिनाई पेश आती है, उनके लिए शिक्षक दिसंबर के प्रारंभ से जनवरी के प्रारंभ तक परीक्षण सूची बनाते हैं जिसमें मामूली या गंभीर कठिनाइयों की शिनाख्त शामिल है। इसके बाद जितनी जल्दी संभव हो सहायता उपाय किये जाते हैं।

इनमें से कई बच्चों की कठिनाइयां उतनी गंभीर नहीं होतीं। अगर अभिभावक समय रहते शिक्षकों से सहयोग करें तो इन कठिनाइयों को समाप्त किया जा सकता है या कम किया जा सकता है।